# UNIVERSITY NEWS 12 JULY 2026

HINDUSTAN TIMES

## LU'S VIRTUAL INDUCTION FOR FRESHERS TO UNDERSCORE STUDENT CONNECT

Godhooli Sharma
godhooli.sharma@htlive.com

**LUCKNOW:** With focus on various aspects to improve student connect and teach freshers about campus discipline, ensure their safety and holistic development, Lucknow University will hold an over month-long online orientation programme in the upcoming academic session from July 27 to August 29.

The sessions will begin through an official greeting by vice-chancellor Prof JP Saini on the first day (July 27) followed by a deep dive into the university's rich legacy and history to be highlighted by registrar Dr Bhavana Mishra and Prof N K Pandey the next day.

From the third day onwards, the university's induction programme will transition into a structured, faculty-wise breakdown designed to give students a clear academic roadmap.

Throughout late July and early August, deans of various faculties will address freshers.

In the second half of the programme, the university administration plans to provide students with insights into campus discipline, safety, and welfare.

On August 10, chief proctor Prof Rakesh Dwivedi will brief students on essential campus discipline and anti-ragging rules to ensure a safe learning environment.

Dean of Students' Welfare (DSW) Prof Amita Kanaujia will guide students through crucial grievance redressal mechanisms while Prof Monisha Banerjee will brief them about securing UP government and institutional scholarships on August 11 and 12.

I NEXT

## एलयू क नए सेशन की कल से शुरुआत

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW(11 July):** लखनऊ यूनिवर्सिटी का नया एकेडमिक सेशन कल से शुरू होने जा रहा है. जिसको देखते हुए यूनिवर्सिटी के प्रॉक्टर ऑफिस की तरफ से गाइडलाइंस जारी कर दी गई हैं ताकि कैंपस में शांति व्यवस्था बनी रहे और पढ़ाई का माहौल रहे.

### कैंपस में चस्पा किए नोटिस

इतना ही नहीं कैंपस में भी जगह-जगह नोटिस चस्पा किए गए हैं. जिसमें बताया गया है कि सभी टीचर्स, ऑफिशियल्स और स्टूडेंट्स अपने व्हीकल स्टैंड पर खड़े करें और कैंपस में पैदल एंट्री करें ताकि कैंपस को नो व्हीकल जोन बनाया जा सके. स्टूडेंट्स इधर उधर घूमने के बजाए लाईब्रेरी में बैठें और अपने एडमिट कार्ड हमेशा अपने पास रखें. एलयू में एकेडमिक सेशन 2026-27 में पीजी कोर्सेज में एडमिशन के लिए एंट्रेंस डेट जारी कर दी गई है, जिसके अंतर्गत 16 जुलाई को 2 शिफ्ट में 10 सब्जेक्ट के एग्जाम होंगे.

NBT

## एलयू में कल से होगा नए सत्र का आगाज़

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार से नए सत्र का आगाज होने जा रहा है। कैंपस में वापस पठन पाठन शुरू हो सकेगा। इसको लेकर प्रॉक्टर की ओर से शनिवार को गाइडलाइन जारी की है। नई व्यवस्था के तहत छात्रों के परिसर में अनावश्यक रूप से झुंड बनाकर इधर-उधर बैठने और घूमने पर रोक लगा दी गई है। इसके अलावा, शैक्षणिक परिसर में बाहरी छात्रों या व्यक्तियों का प्रवेश पूरी तरह से निषिद्ध रहेगा और बिना किसी उपयुक्त कारण के परिसर में घूमने वाले लोगों के खिलाफ विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगी।

> कैंपस में छात्रों के झुंड बनाकर घूमने पर रोक

प्रॉक्टर की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि सभी छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन अपने साथ अपना परिचय-पत्र लाना अनिवार्य है। जिनके पास परिचय पत्र नही है तो वह फीस रसीद की कॉपी साथ लेकर आएंगे। इसी के साथ ही कैंपस को नो वीइकल जोन भी घोषित किया गया है। इसके तहत कोई भी छात्र वाहन को कैंपस के अंदर नहीं ला सकेंगे।

वाहन निर्धारित स्टैंड- द्वार संख्या एक, परीक्षा विभाग के पीछे, विवेकानंद द्वार और द्वार संख्या 7 पर ही खड़े करने होंगे। नए सत्र की पढ़ाई के लिए भी विभागों में टाइम टेबल पहले से ही लगा दिए गए हैं। सभी शिक्षकों की ड्यूटी भी विभागाध्यक्षों की ओर से तय कर दी गई है।



TIMES OF INDIA

## LU campus to be no-vehicle zone

The new academic session of Lucknow University will start on Monday. LU authorities have declared the campus a no-vehicle zone and directed students and faculty members to enter on foot after parking vehicles at designated places. "The parking lot for students are near gate no. 1, behind the examination department, Vivekananda hospital (gate no. 3 and gate no. 7)," said LU spokesperson Mukul Srivastava. Students have also been asked to carry identity cards.

AMAR UJALA

## परास्नातक प्रवेश परीक्षाएं 16 से 22 तक

**लखनऊ।** लविवि के परास्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा फाइनल शेड्यूल जारी कर दिया गया है। परीक्षाएं 16 जुलाई से 22 जुलाई तक चलेंगी। सुबह की पाली सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। शाम की पाली दोपहर तीन बजे से शाम 4:30 बजे तक निर्धारित है। परास्नातक कुछ पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया की घोषणा बाद में की जाएगी। वहीं, लविवि के बीवोक (नवीकरणीय ऊर्जा) पाठ्यक्रम का पहला सीट आवंटन परिणाम 12 जुलाई को जारी होगा। अभ्यर्थी अपने लॉगइन पर इसे देख सकेंगे। मेरिट के आधार पर सीट आवंटन जारी किया गया है। अभ्यर्थी 12 जुलाई को रात 12 बजे के बाद अपना आवंटन देख सकते हैं। ऑनलाइन सीट पुष्टि शुल्क 14 जुलाई की मध्य रात्रि 12 बजे तक जमा करना होगा। (संवाद)

## लविवि में नया सत्र कल से

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में नया शैक्षणिक सत्र 2026-2027 की शुरुआत 13 जुलाई से होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर में व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई नियम लागू किए हैं। छात्रों को शैक्षणिक परिसर में वाहन लाने की अनुमति नहीं होगी। शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने वाहन निर्धारित स्टैंड पर खड़े करने होंगे। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने छात्रावासों में अराजकता रोकने के लिए चीफ प्रोवोस्ट से लेकर प्रोवोस्ट पदों पर बदलाव किए हैं। हॉस्टलों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग होगी। वहीं, शनिवार को प्रवेश परीक्षा के दौरान छात्रों ने फीस वृद्धि के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाया। अभ्यर्थियों व अभिभावकों को पर्चे बांटे। (संवाद)

HINDUSTAN

## एलयू में पीजी प्रवेश परीक्षा 16 से होगी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026-27 प्रवेश प्रक्रिया के तहत परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा का अंतिम शेड्यूल तय कर दिया गया है। जिसे एलयू प्रशासन की ओर से विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है।

प्रवक्ता प्रोफेसर मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि 16 जुलाई को प्रथम पाली सुबह 10:30 से दोपहर 12 बजे तक मानवशास्त्र, बायोटेक, कंप्यूटर साइंस बीपीएड, पब्लिक हेल्थ कम्युनिटी मेडिसिन और द्वितीय पाली दोपहर तीन से शाम 4:30 बजे तक होगी।


DAINIK JAGRAN

## परास्नातक प्रवेश परीक्षाएं 16 से

**लखनऊ** : लवि में परास्नातक प्रवेश परीक्षाएं 16 जुलाई से शुरू होंगी। विश्वविद्यालय ने वेबसाइट पर संभावित समय सारिणी जारी कर दी है। परीक्षाएं 22 जुलाई तक चलेंगी। हर दिन दो पालियों में परीक्षाएं कराई जाएंगी। पहली पाली सुबह 10 :30 बजे से 12 बजे तक व दूसरी पाली दोपहर तीन बजे से शाम 4 :30 बजे तक चलेगी। (जासं)

HINDUSTAN TIMES

## LU student bags global peace award



Lucknow University student Abhishek Chaudhary has brought laurels to the country by receiving the Global Peace Award 2026 at an international event held at the United Nations Conference Centre in Bangkok, Thailand. He was the only Indian participant selected for the conference, which included delegates from over 60 countries.

AMRIT VICHAR

लविवि | नए शिक्षा सत्र में विवि परिसर में विद्यार्थियों के वाहनों का प्रवेश रहेगा वर्जित

## स्टैंड में वाहन, परिसर में कक्षाओं तक कदमताल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय का वर्ष 2026-27 का शैक्षणिक सत्र 13 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। नए सत्र में कई नियम लागू किए गए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने मुख्य परिसर में शांति, सुव्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने के लिए वाहनों का प्रवेश निषिद्ध कर और स्वच्छ-हरित परिसर बनाने का संकल्प लिया है।

कुलानुशासक कार्यालय से जारी गाइड लाइन में शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों से अनुरोध किया गया है कि वह अपने वाहन निर्धारित वाहन स्टैंड पर खड़े करने के बाद ही परिसर में प्रवेश करें। छात्र-छात्राओं के वाहनों का शैक्षणिक परिसर में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। छात्र-छात्राएं अपने वाहन केवल निर्धारित स्टैंडों पर खड़ा करेंगे। द्वार संख्याएक परीक्षा विभाग के पीछे,द्वार संख्या तीन विवेकानंद द्वार और द्वार संख्या सात पर वाहन स्टैंड बनाए गए हैं। स्टैंड से छात्र-छात्राएं परिसर में पैदल ही प्रवेश करेंगे। कोई छात्र अनाधिकृत रूप से वाहन के साथ प्रवेश करने की कोशिश करेगा या कैंपस में घूमता पाया जाएगा, तो उसके खिलाफ नियमानुसार विधिक व दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

> • कुलानुशासक कार्यालय ने जारी की नई गाइड लाइन

### कैंपस के भीतर इन बातों पर रहेगी पाबंदी

- बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश बंद : शैक्षणिक परिसर में बाहरी छात्रों या अनजान व्यक्तियों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित है। बिना किसी ठोस कारण के घूमने वालों पर सीधी कार्रवाई होगी।
- आईडी कार्ड अनिवार्य : सभी छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन अपना परिचय पत्र या छात्र होने का कोई वैध दस्तावेज अपने साथ लाना अनिवार्य होगा।
- समूह बनाने पर रोक : छात्र-छात्राएं परिसर मे अनावश्यक रूप से समूह (ग्रुप) बनाकर इधर-उधर न बैठें और न ही घूमें।
- हथियारों पर पूर्ण प्रतिबंध : कैंपस के भीतर किसी भी प्रकार के आग्नेयास्त्रों (वैध या अवैध हथियारों) को ले जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

### आगंतुकों और पास धारकों के लिए प्रवेश द्वार

- **पैदल आगंतुक :** परिसर में आने वाले बाहरी आगंतुकों के लिए पैदल प्रवेश द्वार संख्या 01, 02, विवेकानंद द्वार (द्वार संख्या 03), 04 और 07 से तय किया गया है।
- **वाहन पास धारक व दिव्यांग छात्र :** जिन शिक्षकों, कर्मचारियों या दिव्यांग छात्र-छात्राओं को कार्यालय द्वारा विशेष वाहन पास जारी किए गए हैं, उन्हें विवेकानंद द्वार से वाहन सहित प्रवेश की अनुमति होगी।